**दिनांक 28.12.2023 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त**

**उपस्थितिः– संलग्न सूची के अनुसार।**

दिनांक 28.12.2023 को अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में ''जल जीवन मिशन'' के अन्तर्गत पूर्वान्ह 11.30 बजे पर मानस सभागार, कलेक्ट्रेट, औरैया में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आहुत की गयी। बैठक में निम्न बिंदुओं पर समीक्षा की गयीं।

**एजेण्डा बिंदु संख्याः– 1**

**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–2 एवं 3 के कार्यों की समीक्षा।**

जनपद औरैया में JJM फेज–2 व 3 के कार्यों को कराये जाने हेतु तथा 10 वर्षों तक अनुरक्षण कार्य हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से अनुबंधित एजेंसी मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी लि0 एवं मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 को क्रमशः 151 एवं 574 राजस्व ग्राम आवंटित किये गये हैं। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति को अवगत कराया गया, कि अद्यतन तक मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी लि0 द्वारा स्वीकृत 97 परियोजनाओं के सापेक्ष 93 पेयजल परियोजनाओं (सम्मिलित 143 राजस्व ग्राम) पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। जिसमें 83 नलकूप विकसित कर 40 परियोजनाओं का ट्रायल रन कराया जा रहा है, इनमें से 29 पेयजल परियोजनाओं के ट्रायल रन पूर्ण कर ग्रामवासियों को नियमित पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही 90 अवर जलाशय का कार्य प्रगति पर है। जिसके सापेक्ष 38 अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। लक्षित 726.00 किमी वितरण प्रणाली के सापेक्ष 644.00 किमी वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण है। मार्च 2024 तक लक्षित 41050 गृह संयोजनों के सापेक्ष 36669 गृह संयोजनों का कार्य कराया गया है। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया, कि अद्यतन तक मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 द्वारा 357 पेयजल परियोजनाओं (सम्मिलित 693 राजस्व ग्राम) पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। जिसमें 209 नलकूप विकसित कर 79 परियोजनाओं का ट्रायल रन कराया जा रहा है, इनमें से 27 पेयजल परियोजनाओं के ट्रायल रन पूर्ण कर ग्रामवासियों को नियमित पेयजल आपूर्ति उपलब्ध की जा रही है। साथ ही 197 अवर जलाशय का कार्य प्रगति पर है। जिसके सापेक्ष 20 अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं 2355.50 किमी वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण है। मार्च 2024 तक लक्षित 138484 गृह संयोजनों के सापेक्ष 105304 गृह संयोजनों का कार्य कराया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी महोदया द्वारा दोनों फर्मों को निर्देशित किया, कि लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कार्यों में मानव संसाधनों एवं आवश्यक उपकरणों को बढ़ाने के साथ-साथ कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समयान्तर्गत कराते हुये ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया, कि जल जीवन सर्वेक्षण 2023 के अनुसार जिला का प्रदर्शन मापने हेतु जिलों को गृह संयोजन उपलब्ध कराने के आधार पर पांच श्रेणियों में विभाजित किया गया है। **दिनांक 16.10.2023 को जनपद औरैया ने 75.00 प्रतिशत गृह संयोजन उपलब्ध कराते हुये तृतीय श्रेणी "Achievers" से द्वितीय श्रेणी "High Achievers" का स्थान प्राप्त किया।** अद्यतन तक जनपद औरैया में 82.16 प्रतिशत गृह संयोजन किये जा चुके हैं। साथ ही जनपद औरैया ने भौतिक प्रगति, जलगुणवत्ता एवं संस्थागत व्यवस्था के आधार पर पूर्णांक 100 अंक में 75.8063 अंक प्राप्त किये। समिति को अवगत कराया गया, कि जनपद में 75 प्रतिशत से अधिक गृह संयोजन दिये जा चुके है, अतः अप्रैल 2023 के उपरान्त Har Ghar Jal (HGJ) Certification कराते हेतु 10 अंक एवं ग्राम पंचायतों, पानी समिति व VWSCs को परियोजनाओं को हस्तगत कराने के 10 अंक का महत्व दिया जायेगा। जिस पर जिलाधिकारी महोदया ने निर्देशित किया, कि मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0 को 50 एवं मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0 को 20 जल से संतृप्त परियोजनाओं को पूर्ण करते हुये 15 दिनों में Har Ghar Jal (HGJ) से प्रमाणित कराया जाये। तत्पश्चात परियोजनाओं को उ0प्र0 सरकार द्वारा दिये गये नियमानुसार हस्तगत कराने की कार्यवाही की जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रा0), मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0)**

**<u>एजेण्डा बिंदु संख्याः- 2</u>**

**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चयनित आईएसए, आईईसी संस्थाओं द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा-**

**01 आई.एस.ए.-** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया, कि जनपद-औरैया में आई0एस0ए0 कार्य हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्र सं0- 2405/W-314/JJM-ISA/2020-21, दिनांक- 25, जनवरी 2021 द्वारा "**A**" कैटेगरी की कुल 02 आई0एस0ए0 संस्थाओं (KRASHI EVAM SHAIKSHIK PRABANDH SANSTHAN, LUCKNOW & OXFORD SHIKSHA PRASAR SANSTHAN, KANNAUJ) को नामित किया गया है। उक्त के अनुपालन में विकास खण्ड- औरैया, अजीतमल एवं भाग्यनगर में ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान को कलस्टर संख्या 01, 02, 03, 04, 11 एवं 12 के माध्यम से 236 ग्राम पंचायत एवं विकास

Scanned with OKEN Scanner

खण्ड– बिधूना, सहार, अछल्दा व एरवाकटरा में कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान को कलस्टर संख्या 05, 06, 07, 08, 09 एवं 10 कलस्टर के माध्यम से 241 ग्राम पंचायत आवंटित किये गये थे।

**संस्थाओं को विकास खण्डवार क्लस्टर आवंटन**

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | क्लस्टर सं0 | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत की सं0 | राजस्व ग्राम की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान | 01 | औरेया | 40 | 62 |
| | | 02 | औरेया | 30 | 53 |
| | | 03 | अजीतमल | 43 | 69 |
| | | 04 | भाग्यनगर | 51 | 97 |
| | | 11 | अजीतमल | 25 | 35 |
| | | | भाग्यनगर | 22 | 31 |
| | | 12 | औरेया | 25 | 32 |
| 2 | कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान | 05 | बिधूना | 42 | 66 |
| | | 06 | अछल्दा | 35 | 61 |
| | | | ऐरवाकटरा | 09 | 11 |
| | | 07 | सहार | 31 | 49 |
| | | 08 | ऐंरवाकटरा | 37 | 75 |
| | | 09 | सहार | 34 | 45 |
| | | 10 | अछल्दा | 26 | 45 |
| | | | बिधूना | 27 | 38 |
| | कुल | | | 477 | 769 |

दोनों आईएसए संस्थाओं को निर्देशित किया गया, कि प्रत्येक राजस्व ग्राम में गठित ग्राम पंचायत को उप समिति अर्थात ग्राम जल व स्वच्छता समिति/पानी समिति के ग्राम प्रधान (अध्यक्ष) एवं ग्राम पंचायत सचिव (उपाध्यक्ष) की अध्यक्षता में समिति के समस्त सदस्यों के साथ साप्ताहिक बैठक करेगी और बैठक में जल आपूर्ति का आयोजन, कार्यान्वयन, प्रबन्धन, प्रचालन और रखरखाव से सम्बन्धित लिये गये निर्णयों को डी.डब्ल्यू.एस.एम. के सचिव/अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करेगी। जनपद में चल रहे जल जीवन मिशन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु ग्राम स्तर एवं मिशन के अन्य संस्थागत व्यवस्थाओं के सभी स्तरों जैसे– एफटीके के माध्यम से जल नमूनों की जांच, तकनीकी प्रशिक्षण हेतु चयन किये जा रहे प्रशिक्षणार्थी इत्यादि में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी कराना सुनिश्चित करें। जितना महत्वपूर्ण पेयजल हेतु आधारभूत संरचना का निर्माण जरूरी है, उतना ही महत्वपूर्ण उन संरचनाओं का बेहतर तरीके से प्रयोग करना भी जरूरी है। अतः जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया, कि प्रत्येक राजस्व ग्राम में ग्राम जल व स्वच्छता समिति/पानी समिति को सार्थक एवं समर्थ्य बनाया

Scanned with OKEN Scanner

जाये, साथ ही समिति के साथ एफ.एच.टी.सी. की आवश्यकता का मूल्यांकन कर एफ.एच.टी.सी. प्राप्त करने हेतु समुदाय को प्रेरित करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), डीपीएमयू., औरैया, मै0 ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान, मै0 कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्धन संस्थान )**

**02– आई0ई0सी0 संस्थायें:–**

**(अ) मै0 जय काली सेवा समिति–** अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया, कि जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत हितग्राहियों के क्षमता संवर्धन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा मै0 जय काली सेवा समिति, लखनऊ को चयनित किया गया है। संस्था द्वारा निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों शासकीय कर्मचारियों (यथा ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम विकास अधिकारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य, रोजगार सेवक, लेखपाल, जिला पंचायत सदस्य तथा सामाजिक अभिरूचि रखने वाले नागरिक) का विकास खण्ड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अद्यतन तक संस्था द्वारा जनपद के समस्त विकास खण्डों में हितग्राहियों के क्षमता संवर्धन सम्बन्धी प्रशिक्षण पूर्ण कराये गये हैं, जबकि संस्था द्वारा प्रशिक्षित हितग्राहियों से सम्बन्धित सूचनायें अद्यतन तक जल शक्ति मंत्रालय के आई. एम.आई.एस. पोर्टल पर अपलोड नहीं कराये गये हैं।

**(ब) मै0 जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एवं एजूकेशनल ट्रस्ट:–** जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित एजेंसी मै0 जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एवं एजूकेशनल ट्रस्ट, महाराजगंज को जनपद की समस्त ग्राम पंचायत एवं राजस्व ग्राम में एफ.एच.टी.सी. के माध्यम से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु निम्नांकित 12 जनजागरूकता कार्यक्रम/गतिविधियों को दो चरणों में पूर्ण कराया जाना निर्देशित था।

**प्रथम चरण की गतिविधियां:–**

1. पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन/जनपद स्तर/विकास खण्ड स्तर/ग्राम पंचायत स्तर के मुख्यालयों पर फंक्शनल हाउस टैप कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन।
2. जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों/राजस्व ग्रामों में पांच पेयजल स्रोतों की जांच हेतु जागरूकता तथा स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम से व्यवहार परिवर्तन करना।
3. जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों (यथा–पंचायत भवन, प्राथमिक पाठशाला, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर) एवं ब्लाक जनपद स्तर के मुख्यालयों पर पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी वाल राइटिंग एवं ग्रेफिटी पेंटिंग।

Scanned with OKEN Scanner

द्वितीय चरण की गतिविधियां:–

1. जनपद में समस्त राजस्व ग्राम, पंचायत स्तर के सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल एवं स्वच्छता मेले का आयोजन।
2. जनपद में समस्त राजस्व/ग्राम पंचायत स्तर के सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी कल्चरल एवं एक्टिविटी प्रोग्राम।
3. जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म प्रदर्शन/वीडियो शो प्रदर्शन।
4. जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों के प्राथमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छता क्लब का गठन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन।
5. जनपद की समस्त ग्राम पंचायत स्तर के संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम।
6. जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन।
7. जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति की बैठक एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम।
8. जनपद की समस्त राजस्व ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य एवं सफाई हेतु विभिन्न रंगों के माध्यम से सामाजिक मानचित्रण द्वारा सोशल मैपिंग कार्यक्रम।
9. प्रदर्शनी–सार्वभौमिक (एफ0एच0टी0सी0) कवरेज, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु जनपद के समस्त राजस्व ग्राम ग्राम पंचायत स्तर पर जनमानस के मध्य पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी प्रदर्शनी कार्यक्रम।

उपरोक्त गतिविधियों में दोनों चरणों की गतिविधियों को पूर्ण कराया जा चुका है एवं
गतिविधियों से सम्बन्धित दस्तावेज व जिओ टेग्ड फोटोग्राफ्स को डीपीएमयू औरैया से पुष्टि करते
हुये जल जीवन मिशन के पोर्टल jjm.up.gov.in पर अपलोड करा दिये गये हैं।

(स) <u>मै0 फाल्कन, लखनऊ–</u> जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में
निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी व निर्धारित मानक के अनुसार क्लोरीन
आदि वॉल राइटिंग के माध्यम से प्रचार–प्रसार हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता, लखनऊ द्वारा मै0
फेल्कन लखनऊ को चयनित किया गया है। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण,
औरैया द्वारा समिति को अवगत कराया गया, कि चयनित संस्था को जनपद में निर्मित पम्प हाउसों
पर प्रथम वॉल राइटिंग तथा पंचायत भवन की दीवाल पर द्वितीय वॉल राइटिंग कराया जाना था,
जो अद्यतन तक संस्था द्वारा पूर्ण नहीं कराया गया है। जिस पर जिलाधिकारी महोदया ने संस्था
के प्रतिनिधि पर रोष व्यक्त करते हुये निर्देशित किया, कि संस्था के प्रतिनिधि अधिशासी अभियन्ता
जल निगम (ग्रामीण), औरैया से समन्वय स्थापित करते हुये उपरोक्त कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराया
जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ को सूचित कर संस्था को वर्तमान में आवंटित कार्य निरस्त कर अन्य सूचीबद्ध संस्था से
उक्त कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

(द) **<u>मै0 प्योर लाइफ सोसाइटी, अमरावती–</u>** जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में समस्त तहसील, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आई.ई.सी. गतिविधियों के अन्तर्गत वॉल राइटिंग के कार्य कराये जाने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा मै0 प्योर लाइफ सोसाइटी, अमरावती को चयनित किया गया है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), औरैया द्वारा समिति को अवगत कराया गया, कि संस्था को जनपद में ग्रामों के मुख्य द्वारा पंचायत घर, सामुदायिक केन्द्र, स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी सेंटर, ओ.एच.टी., स्वास्थ्य केन्द्र, बस स्टाप, आदि पर नीले रंग से डबल बेस के बाद केसरिया रंग से 5x6 फूट साइज के पत्र निर्देशानुसार स्लोगन को क्षेत्रीय भाषा में लेखन का कार्य कराया जाना है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया, कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पर्याप्त मानव संसाधन को बढ़ाते हुये समस्त गतिविधियों को ससमय पूर्ण किया जाये।

(य) **<u>मै0 मॉं चेरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ–</u>** जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में आउटडोर आई.ई.सी. गतिविधियों के संचालन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा मै0 मॉं चेरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ को चयनित किया गया। संस्था को जनपद/विकास खण्ड/तहसील/ग्राम पंचायत/राजस्व ग्राम स्तर पर एल.ई.डी./होर्डिंग्स एवं अन्य आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से एफ.एच.टी.सी./शुद्ध व सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम/गतिविधियों को पूर्ण किये जाने हेतु निम्नांकित जनजागरूकता कार्यक्रमों को कियान्वयन किया जाना है।

| Sl No | Discription of Work/Item(s) | Execution (Level of Qty) |
|---|---|---|
| 1 | Hoarding (10x8sqft) on JJM themes with structure and maintenance of flex for one year. (Flexs will be change 06 times or more in a year) | District-50, Block-10, Tehsil-10, GP-01 |
| 2 | Awareness through LED Vans (Screen size 5x7sqft) on JJM themes on monthly basis (08 hours per day) | District-01, Block-01, LED Van- 01Month |
| 3 | Awareness through LED Vans (Screen size 5x7sqft) on JJM themes, which will cover all revenue village of 01 Gram Panchayat. | Revenue Village- 01 |
| 4 | Fixed LED Screens (Screen size 5x7sqft) for one year (08 hours per day) | Per District- 02 to 04 Screen |
| 5 | Digital Graffity Painting on flexy banner (6x4sqft) on JJM themes | Revenue Village- 02 |
| 6 | Making of Video theme song of JJM (One Video per minute) | Per District-10 (Per Video-30 Minute) |

जनपद में संस्था द्वारा दिनांक 22.12.2023 से बिंदु संख्या 01 व 03 पर अंकित गतिविधियों को प्रारम्भ किया गया था। जिसमें बिंदु संख्या 01 की गतिविधि के सापेक्ष जनपद स्तर पर 50 होर्डिंग (10x8sqft) एवं बिंदु संख्या 03 की गतिविधि के सापेक्ष राजस्व ग्राम स्तर पर 75 राजस्व

Scanned with OKEN Scanner

ग्रामों में एल.ई.डी. वेन द्वारा जनजागरूकता का कार्य कराया गया है। शेष कार्य विभाग द्वारा निर्गत कार्यक्रम कलेण्डर के अनुसार समयान्तर्गत कराना सुनिश्चित किया जाना है।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया, कि समस्त चयनित आई0एस0ए0, आई0ई0सी0 एवं पी0आर0आई0 संस्थाओं में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पर्याप्त मानव संसाधन को बढ़ाते हुये समस्त गतिविधियों को ससमय पूर्ण किया जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण),
डी.पी.एम.यू., औरैया, मै0 जय काली सेवा समिति,
मै0 जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एवं एजूकेशनल ट्रस्ट,
मै0 फाल्कन, लखनऊ, मै0 प्योर लाइफ सोसाइटी, अमरावती,
मै0 माँ चेरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ)

एजेण्डा बिंदु संख्याः– 3
जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–2 व 3 के कार्यों हेतु उपलब्ध करायी गयी भूमि के सम्बन्ध में।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया, कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत द्वितीय एवं तृतीय फेज में 375 भूमि के सापेक्ष 18 भूमि पर विवाद/कार्य के दौरान अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है तथा द्वितीय बोरवेल हेतु 16 भूमि उपलब्ध नहीं हैं व 05 भूमि प्रथम बोरवेल से 1500.00मी से अधिक दूर है। जिस पर जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया, कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं दोनों फर्मों के प्रतिनिधि सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर भूमि सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण कराते हुये शेष परियोजनाओं का कार्य प्रारम्भ किया जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण),
मै0 द इण्डियन हयूम पाइप क0लि0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0)

एजेण्डा बिंदु संख्याः– 4
यू.पी. पी.डब्ल्यू.डी. की स्वामित्व सड़कों की मरम्मत कार्य के सम्बन्ध में।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया, कि पेयजल योजनाओं हेतु यू.पी. पी.डब्ल्यू.डी. की स्वामित्व सड़कों पर किनारे वितरण प्रणाली बिछाने हेतु ट्रेंच खोदे गये थे। जिसे यू.पी. पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा उपलब्ध करायी गयी सड़क सूची के अनुसार 64 सड़क पटरियों की मरम्मत करायी जा चुकी है एवं शेष सड़क पटरियों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया, कि जल निगम (ग्रामीण) एवं यू.पी. पी.डब्ल्यू.डी., औरैया समन्वय बनाते हुये उ0प्र0 शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों एवं मानकों के अनुरूप वितरण प्रणाली बिछाने के उपरान्त सड़क की पुनर्स्थापना का कार्य कराया जाये। अन्यथा

Scanned with OKEN Scanner

की स्थिति में दोनों अनुबन्धित फर्मों पर पेनाल्टी लगायी जाये एवं जो सड़क पटरियों की मरम्मत पूर्ण हो चुकीं हैं, उनका विवरण जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराया जाये। जिससे सड़क मरम्मत की गुणवत्ता का सत्यापन यू.पी. पी.डब्ल्यू.डी., औरैया से कराया जा सके।

<u>एजेण्डा बिंदु संख्याः— 5</u>

**अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

जनपद में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के अनुश्रवण एवं गुणवत्ता हेतु मै0 बी0एल0जी0 प्रा0लि0 को थर्ड पार्टी एजेंसी (TPI) एवं मै0 मेघज टैक्नो प्रा0लि0 को जिला कार्यक्रम अनुश्रवण इकाई (DPMU) को चयनित किया गया है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया, कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता हेतु थर्ड पार्टी एजेंसी निर्धारित मानकों के अनुसार कड़ाई से अनुपालन करे। साथ ही जिन 26 राजस्व ग्रामों से प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा एफ0टी0के0 के माध्यम से जल जांच पूर्ण नहीं हो पा रही है, उन राजस्व ग्रामों में जिला कार्यक्रम एवं अनुश्रवण इकाई के सहयोग से शीघ्र जल जांच को पूर्ण कराते हुये पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही टी0पी0आई0 व डी0पी0एम0यू0, औरैया)

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
औरैया

पत्रांक/804 / W-35 / 224 दिनांकः 31/12/2023
**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी, औरैया (अध्यक्ष)।
2. मुख्य विकास अधिकारी, औरैया (सदस्य)।
3. जिला विकास अधिकारी, औरैया (सदस्य)।
4. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, औरैया (सदस्य)।
5. जिला पंचायत राज अधिकारी, औरैया (सदस्य)
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, औरैया, औरैया (सदस्य)
7. जिला कृषि अधिकारी, औरैया (सदस्य)
8. क्षेत्रीय वनाधिकारी औरैया स्वयं या उनके द्वारा नामित (सदस्य)
9. अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई, इटावा (सदस्य)
10. अधिशासी अभियन्ता जल निगम, औरैया (सदस्य सचिव)
11. द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6-3-323, रामनगर, अनन्तपुरम, आ.प्रदेश।

Scanned with OKEN Scanner

## ATTANDENCE SHEET OF DWSM MEETING HELD ON 28.12.2023 TIME 11.30AM

| SL. | NAME | DESIGNATION | MOB. NO. | SIGNATURE |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | D.M. | 9454417550 | |
| 2- | | C.D.O. | 9454465032 | |
| 3- | | | | |
| 4- | | | | |
| 5- | | | | |
| 6- | FASIH AHMAD | District Coordinator | 9151055715 | |
| 7- | DILEEP VERMA | Project manager M&E | 9838242209 | |
| 8- | S.P. [illegible] | D.I. I.S.A | [illegible] | |
| 9. | Yatendra Singh | DPMU (CB&T) | 6307065947 | |
| 10- | Himanshu mishra | ISA oxford | 8171694679 | |
| 11- | Narendra Pal | ISA oxford DC | 8400494930 | |
| 12- | Anand Singh | I.EC. (PLS) | 7388483696 | |
| 13- | Ashfaque Ahmad | I.E.C. (PLS) | 7860414110. | |
| 14- | Ravikant | (J.E Jal Nigam) | 9118857281 | |
| 15- | K.K. Tiwari | J.E. U.P.J.N | 8923098062 | |
| 16- | Pawez Kumar | A.E UPJN | 7405589480 | |
| 17- | Satya Prakash | AE. UPJN. | 9305560493 | |
| 18- | DIPAK KUMAR | Sr. Eng. GVPR | 7309110467 | |
| 19- | Parth Pandey | A.E (EDM) UPJN | 7839261574 | |
| 20- | Sushant K. Chaudhary | DPM | 7838900521 | |
| 21- | Shyamveer Singh | DPMU (MIS) | 7007912576 | |
| 22- | | | | |
| 23- | | | | |
| 24- | | | | |
| 25- | | | | |
| 26- | | | | |
| 27- | | | | |
| 28- | | | | |
| 29- | | | | |
| 30- | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

Scanned with OKEN Scanner